DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, as per the rules, if the First Member is absent, then the second Member will have the right to put two supplementaries.

श्री सभापति: देखिए, आप सैकंड सप्लीमेंटरी कर सकते हैं, लेकिन और मैम्बर्स भी एंजाय कर रहे हैं जिनके क्वश्चंज़ बाकी नहीं हैं।

SHRI ASHWANI KUMAR: Mr. Chairman, Sir. A specific question arising from the hon. Minister's reply is, whether the three steps indicated as having been taken in this particular year regarding the SEBI and the UTI would by themselves be sufficient for deepening the economic growth of this country. My respectful submission is: Now, it is established that we need 8 per cent growth, at least, for the next ten years to really come to the level of development that we need. Would these three steps by themselves really add, significantly, to generating a better investment confidence in the country?

SHRI JASWANT SINGH: Sir, the three steps would contribute to generating a greater investor confidence and would also certainly, contribute to achieving the target of eight per cent growth of the GDP which the hon. Prime Minister enunciated. Will it be achieved this year? Not this year. But, that is the goal which we have set.

**288. [The questioner (Shri S. Agniraj) was absent for answer vide page 37.]*

**290. [The questioners (Shri Suresh Pachouri and Shri Mool Chand Meena) were absent for answer vide pages 38-39.]*

सीमा शुल्क अधिकारियों और तस्करों के बीच संबंध

*291. **डा॰ कुमकुम राय:** क्या वित्त और कंपनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को बिहार और उत्तर प्रदेश राज्यों की नेपाल सीमा पर तैनात सीमा शुल्क अधिकारियों और तस्करों के बीच संबंधों के बारे में जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसे कितने मामले सरकार के ध्यान में आए हैं;

(ग) कितने सीमा शुल्क अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है और इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार की चम्पारण चौकी द्वारा सीमा शुल्क के रूप में वर्ष-वार कितनी राशि वसूल की गई?

वित्त और कंपनी कार्य मंत्री (श्री जसवंत सिंह): (क) से (ग) जी, नहीं। भारत-नेपाल सीमा पर, सीमा शुल्क अधिकारियों और तस्करों के बीच किसी संगठित मिली-भगत का कोई प्रामाणिक मामला नहीं है। तथापि, दो संदिग्ध मामलों में जांच शुरू की गई थी। एक मामले में जांच पूरी कर ली गई है, जिसमें सीमा शुल्क अधिकारियों की तस्करों के साथ कोई निश्चित मिली-भगत प्रमाणित नहीं हुई थी। दूसरे मामले में, जांच-पड़ताल की जा रही है। तथापि, इन दोनों मामलों में संबंधित अधिकारियों का अन्य स्थानों पर स्थानांतरण कर दिया गया है।

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान और चालू वर्ष में अक्तूबर, 2002 तक भू-सीमा शुल्क गृह रक्सौल (चम्पारण के अंतर्गत) में वसूल की गई सीमा शुल्क की राशि निम्नानुसार है:

वर्ष	वसूल की गई सीमा शुल्क की राशि (करोड़ रुपयों में)
1999-2000	52.57
2000-2001	84.91
2001-2002	101.34
1.4.2002-30.10.2002	43.85

Nexus between Custom Officials and Smugglers

†*291. SHRIMATI KUM KUM RAI: Will the Minister of FINANCE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of nexus of custom officials deployed along the border of Nepal touching Bihar and Uttar Pradesh with smugglers;

(b) if so, the number of such cases which have come to the notice of Government during the last three years;

†Original notice of the question was received in Hindi.

(c) the number of custom officials against whom action has been taken alongwith the details thereof; and

(d) the amount recovered as customs duty by Champaran Check Post of Bihar during the last three years, year-wise?

THE MINISTER OF FINANCE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI JASWANT SINGH): (a) to (c) No, Sir, there is no established case of any organised nexus between the Customs officials on Indo-Nepal border and smugglers. However, two suspected cases were taken up for investigation. Investigation in one is complete, where no definite nexus of Customs Officers with smugglers was established. In the second case enquiry is in progress. However, the concerned officers in both these cases have been transferred to other locations.

(d) The amount of Customs Duty collected at Land Customs station Raxaul (falling in Champaran) during each of the last 3 years and the current year upto October, 2002 are as follows:

(Rs. in Crores)

year	Amount of Customs Duty Collected
1999-2000	52.57
2000-2001	84.91
2001-2002	101.34
1.4.2002—31.10.2002	43.85

डा॰ कुमकुम राय: सर, माननीय मंत्री जी ने तो बहुत साफ इंकार कर दिया है कि ऐसा कोई ''नेक्सस'' नहीं है, लेकिन पाकिस्तान और नेपाल के बॉर्डर पर इलेक्ट्रानिक्स और पॉलियस्टर धागे से बना बहुत सारा सामान हमेशा पकड़ा जाता रहा है जिस कारण देश को करोड़ों रुपयों का राजस्व का घाटा हो रहा है। सर, इस उत्तर में भी कहा गया है कि दो मामले संदिग्ध पाए गए हैं जिन के बारे में जांच चल रहीं है। सर, यह देश के राजस्व से जुड़ा मामला है, इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि क्या आप की तरफ से इस संबंध में और कड़े नियम बनाए जाएंगे ताकि तस्करी रोकी जा सके?

श्री जसवंत सिंह: सभापति जी, माननीय सदस्या ने जानना चाहा है कि क्या नेपाल, पाकिस्तान और उत्तर प्रदेश की सीमा पर तस्करी होती है? सभापति जी, तस्करी होती है, हम उस से इंकार नहीं करते, पर उन तस्करों की कस्टम विभाग वालों से सांठ-गांठ है, इस बारे में हमने अपने उत्तर में कहा

है कि ऐसी कोई सांठ-गांठ नहीं है। दो मामले जरूर ऐसे आए थे जहां हमें शक हुआ था, लेकिन उन में कोई चीज साबित नहीं हो सकी है। फिर भी उन दोनों अफसरों को हम ने वहां से ट्रांसफर कर दिया है। दूसरे, जहां तक नियमों को कड़ा बनाने का प्रश्न है, निश्चित रूप से ये नियम और कड़े बनाए जाएंगे।

Joint venture between SBI and Canara Bank in Russia

*292. DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Will the Minister of FINANCE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the State Bank of India and Canara bank have formed a joint venture Commercial Bank of India in Russia;

(b) if so, what are the main objectives of this joint venture; and

(c) by when this new bank is likely to commence operations?

THE MINISTER OF FINANCE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI JASWANT SINGH): (a) and (b) Yes, Sir. The main objectives of this joint venture is to have a presence of Indian Banks in Russia.

(c) As soon as all formalities are cleared.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Sir, the hon. Finance Minister has said that formalities are being worked out. I would like to know whether joint-venture commercial banks are being proposed in any other country also, apart from Russia.

SHRI JASWANT SINGH: Sir, we do have Indian's banking operation not only in Russia, but they are also operating in various other countries of the world. Every such effort on the part of Indian banking is not only to simply make the Indian banking international, but to spread the Indian banking network, as widely as possible in the world.

**293 [The questioner (Shri Aimaduddin Ahmad Khan (Durru) was absent. For answer vide page 39]*

बैंको में अनियमितताओं से संबंधित मामलों को केन्द्रीय सतर्कता आयोग को सौंपा जाना

*294. श्री राम जेठमलानी:

श्री राजीव रंजन सिंह ''ललन''†

क्या वित्त और कंपनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों के दौरान केन्द्रीय सतर्कता आयोग को बैंकों में अनियमितताओं संबंधी मामलों के संबंध में जानकारी दी गई है;

†यह प्रश्न सभा में श्री राजीव रंजन सिंह ''ललन'' द्वारा पूछा गया।